पंजाब केसरी 19/03/2026

विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

अम्बाला, 18 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के विद्यार्थियों ने एडु ट्रस्ट ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चलाए जा रहे एनवायरनमैंट वॉरियर्स अभियान के तृतीय दिवस पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में प्लास्टिक को न कहें 'से नो टू प्लास्टिक' का संदेश फैलाया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश देते हुए कपड़े और स्टील के बैग के उपयोग को बढ़ावा दिया।



पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस अभियान का पूर्ण समर्थन करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद करती है, बल्कि युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और जागरूकता की भावना को भी मजबूत बनाती है। प्रत्येक छात्र इस बदलाव का हिस्सा बनकर समाज में सकारात्मक संदेश फैला सकता है।